Bharat Temples

जब भी मैं किसी काम में नाकाम हो गया लेते ही तेरा नाम, मेरा काम हो गया Bhajans Bhakti Songs

जब भी मैं किसी काम में नाकाम हो गया ...,
लेते ही तेरा नाम, मेरा काम हो गया...,

मेरे बन जाते सब काम, जब लेता हूं तेरा नाम...,
साई राम !, साई शयाम !

कोई जीवन में संकट आया, मैने तुझको पाया साथ खड़े,
मेरे सर पे सदा तेरा हाथ रहा, सब काम हुए छोटे या बड़े,
मेरी जब जब डोली नाव, मुझे तूने लिया है थाम,
साई राम !, साई शयाम !

जब भी जो भी तुझसे मांगा, खुशियों से दामन भर डाला,
जीवन की अंधेरी रातों में, तूने ही दिखाया उजियाला,
मेरे जब भी जले हैं पांव, तूने पल में करदी छांव,
साई राम !, साई शयाम !

अब यही तमंना 'राजू' की, अखियों की पयास बुझा डालो,
कुछ और नहीं है चाह मुझे, बस आ के दरश दिखा डालो,

मेरी विनय सुनो भगवान, मैं तो आया तेरे धाम,
साईं राम !, साईं शयाम !

Source:
https://www.bharattemples.com/jab-bhee-main-kisee-kaam-mein-naakaam-ho/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw